# संबंल योजना के अंतर्गत जिले में 641 हितग्राहियों के बीच हुआ 13 करोड़ 79 लाख राशि का वितरण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत छिंदवाड़ा जिले के 641 हितग्राहियों को 13 करोड़ 79 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। शुक्रवार, 28 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से डीबीटी के जरिए यह राशि जारी की।

श्रम अधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत अमरवाड़ा के 69, बिछुआ के 32, छिंदवाड़ा के 39, चौरई के 67, हरई के 19, जुन्नारदेव के 86, मोहखेड़ के 77, परासिया के 120, तामिया के 28 हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं नगर निगम छिंदवाड़ा के 58, नगर पालिका डोगर परासिया के 1, अमरवाड़ा के 6, चौरई के 5, दमुआ के 3, जुन्नारदेव के 12, बड़कुही के 7, बिछुआ के 1, चांदामेटा बटुरिया के 3, हरई के 1 तथा न्यूटनचिखलीकला के 7 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया गया।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत पाढुंर्णा जिले के 160 हितग्राहियों को कुल 3 करोड़ 44 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से डीबीटी के जरिए हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई। इस वितरण में जनपद पंचायत पाढुंर्णा के 67, जनपद पंचायत सौसर के 57, नगर पालिका पाढुंर्णा के 14, नगर पालिका सौसर के 7, नगर पालिका पिपलानारायणवार के 5, नगर पालिका लोधीखेडा के 3 और नगर पालिका मोहगांव के 7 हितग्राही शामिल हैं। योजना के तहत इस सहायता राशि का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

बता दें कि इस बार श्रमिकों के खाते में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय से ही श्रमिकों के खाते में पैसे डाले जहां सभी जिलों के एनआईसी कक्षों में श्रमिको की उपस्थिति भी दर्ज की गई।

# जामुनझिरी को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए चलाया स्वच्छता अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेन्स शासकीय पीजी कालेज छिन्दवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का संयुक्त आवासीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम जामुनझिरी में चल रहा है। जिसके अंतर्गत शिविर के चतुर्थ दिवस में विद्यार्थीयो ने ग्राम जामुनझिरी में बड़े स्तर पर स्वछता अभियान चलाया और रैली निकालकर सड़क के किनारे बिखरे पालिथीन का एकत्रीकरण कर निपटारा किया और ग्राम को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल जैव-विविधता दूत मोहन साहू ने ग्रामवासी को मिशन लाइफ के अनुरूप जीवन शैली अपनाने तथा पेड़ पौधे की सुरक्षा एवं अधिक से अधिक फलदार पेड़ पौधे लगाने जल स्त्रोत का संरक्षण पानी को बचाने जानकारी ग्राम वासी को दी।

स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की इसके पश्चात् बौद्धिक चर्चा सत्र में शिविरार्थीयो को मार्गदर्शन प्रदान करने आए मुख्य अतिथि जिले के आर्ट आफ लिविन्ग के सीनियर कोच श्री तुषार कांत गुप्ता ने बताया कि जिंदगी में खुश कैसे रहे तथा अपनी काबिलियत को निखारते हुए आगे बड़े तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ बौद्धिक चर्चा सत्र का समापन हुआ। इस अवसर पर शिविरार्थियों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलाऐं गए।

# तू-तू, मैं-मैं और हंगामे के बीच नगर निगम परिषद की बैठक स्थगित



### *अव्यवस्था पर बहस, पार्षद पतियों की परिषद की बैठक में उपस्थिति पर चर्चा*

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम में विशेष सम्मेलन यानि परिषद की बैठक तू-तू, मै-मै और हंगामें के बीच स्थगित कर दी गई। हालाकि बैठक में जो प्रस्ताव थे वे संवैधानिक रूप से पारित माने जायेंगे। अध्यक्ष ने सभी प्रस्ताव पारित हुए की घोषणा भी की लेकिन सत्ताधारी पार्षदों ने ही परिषद की बैठक का बहिष्कार कर दिया।

लंबे अरसे बाद हुई नगर निगम की बैठक हो-हल्ले की भेंट चढ़ गई और सारे प्रस्ताव पास करके सत्ता पक्ष ने सदन छोड़ दिया और कांग्रेस के पार्षद अध्यक्ष के नेतृत्व में सवाल करते रह गए। बिना किसी चर्चा के बजट पास होने का नतीजा अब शहर की जनता भुगतेगी।

मेयर इन कौंसिल ने तय किया था कि अप्रेल 2025 से पानी का बिल 260 रूपए होगा इस पर मुहर लग गई है। संपति टैक्स भी दस प्रतिशत बढ़ेगा। संभवत: मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा पहला ऐसा नगर निगम होगा जहां पर पानी का टैक्स 260 रूपए प्रतिमाह वसूला जाएगा।

शुक्रवार को नगर निगम की बैठक में एक प्रस्ताव पास हुआ। दूसरे प्रस्ताव पर कांग्रेस पार्षदों के सवालों पर बवाल खड़ा हो गया। ट्रांसपोर्ट नगर में बिना टेंडर कार्य शुरू करवाए जाने को लेकर निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने सवाल उठाए और हंगामा शुरू हो गया। शोर-शराबे में सत्तापक्ष ने बजट पास होने का एलान करके सदन छोड़ दिया।





बाद में शाम को नगर निगम से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि महापौर विक्रम अहाके की उपस्थिति में बजट सर्वसहमति से पास किया गया है। बैठक में कमिश्नर सी.पी. राय सहित नगर निगम के प्रमुख अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर निगम की बैठक में गौशाला की बदहाल स्थिति को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के बीच तीखी बहस हुई। कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल हटाने की मांग की। वहीं भाजपा पार्षदों ने पहले जांच कमेटी गठित करने की बात रखी। इस दौरान सदन में गौ माता की जय के नारे भी गूंजे।

महिला आरक्षण का जबरदस्त मजाक नगर निगम छिंदवाड़ा में उड़ाया गया और महिला पार्षदों के पति पहली की कतार में बैठे नजर आए। महिला सभापतियों के पति पूरी बैठक में हल्ला मचाते रहे और सामान्य पार्षदों के पति भी विवाह के समय लिए हुए सातों वचन निभाते पत्नियों संग अपनी मांग महापौर के सामने रखते रहे।

सत्ता और विपक्ष कोई भी इसमें पीछे नहीं था। भाजपा और कांग्रेस व कांग्रेस से भाजपा में गई महिला पार्षदों के पति सदन में क्या कर रहे थे। इस सवाल का जवाब कोई अधिकारी देने को तैयार नहीं था।

बता दें कि नगर पालिक निगम के द्वारा टैक्स बढ़ाने के पीछे जो मंशा बतायी जा रही है वह है शासन से बजट नहीं मिल रहा है, चूंगी क्षतिपूर्ति की राशि कम आ रही है, बाजार टैक्स बंद हो चुके है। ऐसी स्थिति में नगर पालिक निगम को संचालित करने के लिए इन करों का निर्धारण करना अवश्यक बताया जा रहा है।

## सार समाचार

### आज होगी शहर कांग्रेस सेवादल की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यालय में आज 29 मार्च 2025 दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से शहर कांग्रेस सेवादल की एक आवश्यक बैठक आहुत की गई है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में नगर कांग्रेस सेवादल, उप ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती, महावीर जयंती, राम नवमीं सहित अन्य विविध आयोजनों के संदर्भ में चर्चा की जाएगी। कांग्रेस सेवादल संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने हेतु निर्णय लिए जाएंगे।

### बजरंग दल ने 31 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख देशराज सूर्यवंशी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष अरविन्द प्रताप सिंह, विभाग गौरक्षा प्रमुख गुड्डा रघुवंशी एवं जिला मंत्री सुभाष गड़ेकर के निर्देशानुसार आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपकर बताया कि मध्यप्रदेश में गौवंश रक्षण व संवर्धन के संबंध में 31 सूत्रीय मांगें जिसमें मुख्य रूप से पशु बाजार बंद किये जाने, गौ तस्करी में उपयोग किये जाने वाले वाहन को राजसात किये जाने, जिस क्षेत्र में तस्करी हो रही है उस क्षेत्र के थाना प्रभारी को तुरंत निलंबित किये जाने तथा वर्तमान में पाठाढ़ाना चंदनगांव में संचालित गौशाला में पाई जा रही अनियमितताओं पर तत्काल कार्यवाही करने जैसे 31 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला सहसंयोजक नितेश पटेल, सोम सूर्यवंशी, कपिल सोनी, सत्यम् सूर्यवंशी, विजय किसन आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित थे।

### दो गंभीर मरीजों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से मिले 90 हजार रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों दो गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज हो सकेगा। दोनों मरीजों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से 90 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। उल्लेखनीय है कि दोनों मरीजों के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू के समक्ष निवेदन करते हुए इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने दोनों मरीजों को सहायता राशि दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा था।

इसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने बीसापुरकलां निवासी महेश पिता पूनाराम मालवी को 60 हजार एवं बम्हनी निवासी बेबी ऑफ रूचि पिता देवेन्द्र को 30 हजार की राशि स्वीकृत की है। यह राशि मिलने पर दोनों मरीजों का छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। राशि स्वीकृत होने पर दोनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# वतन की तरक्की व खुशहाली की मांगी दुआ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** रमजान के अलविदा जुमा में मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा कर अल्लाह को याद किया । नगर की शुक्रवारा बाजार स्थित जामा मस्जिद , छोटी मस्जिद , फैजाने मदीना मस्जिद में भारी तादाद में मुस्लिम भाइयो ने नमाज अदा कर रब को याद करते हुए जुमा की नमाज के बाद अल्लाह से दुआ मांगी की जितने भी हाथ तेरी बारगाह में दुआ के लिए उठे हैं सब की दुआ कुबूल फरमा । अल्लाह से अमन चैन और वतन की तरक्की खुशहाली के लिए भी दुआएं मांगी ।

जुमा के दिन का मंजर काफी खुशनुमा नजर आ रहा था । जुमे का महत्व इसलिए भी अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे पर की कई इबादत से नमाजियों या रोजेदारों को कई गुना अधिक सवाब मिलता है । अलविदा जुमा के दिन नमाज के बाद लोग एक दूसरे को मुबारकबाद भी रहे थे । शबेक़द्र पर पूरी रात जागकर मस्जिदों में इबादत की गई एवं तरावीह पढ़ाने आये हाफिजों व मस्जिद के इमामो का इस्तकबाल कर उन्हें नजराना दिया गया । इसके साथ ही रोजा इफ्तार की टीम, कब्रिस्तान की साफ सफाई करने वाली टीम एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंजाम देने वाले लोगो का हौसला आफजाई करते हुए इस्तकबाल किया गया।

# नपा अध्यक्ष अमरवाड़ा ने किया एक देश-एक चुनाव का समर्थन



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा की अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने जबलपुर संभाग में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन किया और उन्हें भाजपा समर्थित संभाग के सभी निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला।

भाजपा संभागीय कार्यालय जबलपुर में महाकौशल संभाग के नगरपालिका अध्यक्षों की बैठक में सम्मिलित होकर नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन कर कहा अमरवाड़ा नगरपालिका परिषद से इस प्रस्ताव के समर्थन में संकल्प पारित कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जी को प्रेषित किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल द्वारा बैठक में एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर पार्टी के विचार विस्तृत रूप से प्रस्तुत कर मार्गदर्शन किया गया ।

बैठक में भाजपा ज़िलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, अमरवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी, पारसिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी सहित ज़िले के सभी निकायों के भाजपा समर्थित अध्यक्ष सम्मिलित हुए।

# ऋण अदायगी में हर्रई और कण्डा समिति में दिखा उत्साह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रशासक एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय कुमार जैन द्वारा लगातार ऋण चुकाने की अंतिम तिथि का हवाला देते हुए अधिक से अधिक ऋण का भुगतान करने की किसानों से अपील की थी। परिणाम स्वरूप किसानों ने ऋण पटाया और समिति में भी पहुंचे। परंतु आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के समितियों में ऋण चुकता करने का उमंग, उत्साह देखते ही बन रहा था। हालाकि शाखा प्रबंधको ने बैंको और सोसायटियों में किसानों के बैठने की उत्तर व्यवस्था भी की थी और पेयजल भी उपलब्ध करवाया था। जिनकारी मिली है कि जिला सहकारी बैंक छिंदवाड़ा की शाखा हर्रई और कुंडा की बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति मर्यादित कुंडा और हर्रई में ऋण वसूली की अंतिम तिथि में ऋणी कृषकों ने उत्साहपूर्वक वसूली जमा की।



# मुख्यमंत्री समाधान ऑन लाइन में सचिव निलंबित, जनपद सीईओ और सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रालय भोपाल से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में समीक्षा के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित 13 जिलों के प्रकरण रखे गए थे। जिनमें सिवनी जिले से गृह विभाग, रीवा से राजस्व विभाग, मऊगंज, ग्वालियर व विदिशा से नगरीय विकास एवं आवास विभाग, सीहोर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, टीकमगढ़ से पशुपालन एवं डेयरी विभाग व वित्त विभाग, दतिया से राजस्व व वित्त विभाग, गुना व छतरपुर से स्वास्थ्य विभाग, सिंगरोली से उच्च शिक्षा व जनजातीय कार्य विभाग, खंडवा से सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग और छिंदवाड़ा जिले से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का एक-एक प्रकरण शामिल था। समाधान ऑनलाइन में लंबे समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का रैंडम चयन समीक्षा के लिए किया जाता है।

छिंदवाड़ा जिले का प्रकरण हितग्राही श्रीमती दुर्गा बाई विश्वकर्मा के कपिल धारा कूप सह खेत तालाब की राशि के भुगतान से संबंधित था। हितग्राही के बीमार रहने पर उनके पति कलेक्टर कार्यालय के एन.आई.सी. कक्ष में शामिल हुए, जिनसे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधा संवाद किया। हितग्राही के पति ने बताया कि उन्हें वर्ष 2020 में कपिल धारा सह खेत तालाब स्वीकृत हुआ था, जिसे उन्होंने 2022 में पूर्ण करा लिया था। लेकिन हितग्राही द्वारा बिल फरवरी 2025 में लगाए गए पंचायत द्वारा राशि का भुगतान भी अब प्राप्त हो गया है। प्रकरण से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायत में जवाब सही ढंग से न दर्ज करने के कारण सीईओ जनपद पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबकि विलंब के लिए सचिव को निलंबित करने की कार्यवाही सीईओ जिला पंचायत द्वारा की गई है। साथ ही लापरवाह उप यंत्री और सहायक यंत्री को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## 30 मार्च से शुरू होगा गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान, डूबने की दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में तथा कानून-व्यवस्था एवं राजस्व के विषयों पर भी चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। सभी विभाग इसमें सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित कराएं। कुंए, बावड़ी, नदियों की सफाई के साथ ही नए खेत तालाबों का निर्माण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने 30 मार्च को सूर्य उपासना का पर्व भी सभी जिलों में अच्छी तरह से मनाने और नवरात्रि व नए वर्ष की शुरुआत के दृष्टिगत सभी मंदिरों की जन सहयोग से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा के एन.आई.सी. कक्ष से आई.जी. सचिन अतुलकर, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, एस.पी. अजय पाण्डेय, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी शामिल थे।

# लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को कराया गया जेल का भ्रमण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों को जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन के निर्देशन में विधिक सहायता प्रकोष्ठ एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला जेल का भ्रमण कराया गया। छिंदवाड़ा जिला जेल के उप अधीक्षक ज्ञानांशु भारतीय ने लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को जेल बैरक, अस्पताल, मुलाकात कक्ष, सभा कक्ष आदि का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान के एलएलबी 6 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उप अधीक्षक से जिज्ञासा भरें प्रश्न पूछें, जिसका उन्होंने सहजता के साथ उत्तर दिया। साथ ही बंदियों की दिनचर्या भी जानीं। जेल का भ्रमण करने वाले दल में सहायक प्राध्यापक डॉ. दम्यंती कटरे, डॉ. स्नेहा कुमारी, कमलेश चरपे समेत 41 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। इस भ्रमण दल में चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपराध एवं दण्ड शास्त्र विषय के अन्तर्गत कारागार व्यवस्था प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी प्राप्त की ।

## सार समाचार

# देवारण्य योजना के अंतर्गत औषधीय उत्पाद अश्वगंधा पर प्रशिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला आयुष कार्यालय छिंदवाड़ा में म.प्र. राज्य औषधीय पादप बोर्ड भोपाल के आदेशानुसार देवारण्य योजना के अंतर्गत कल 28 मार्च को एक जिला एक औषधीय उत्पाद अश्वगंधा पर 10 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में जिला नोडल अधिकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. दत्तात्रेय भदाड़े द्वारा अश्वगंधा पर जानकारी दी गई तथा देवारण्य योजना के नोडल डॉ. प्रवीण रंघुवंशी द्वारा प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही हार्टिकल्चर विभाग से एसएचडीओ एम.एस. मर्सकोले व अविनाश डेहरिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्नत किसान श्री शर्मा द्वारा अश्वगंधा के रोपण संबंधी जानकारी दी गई, जो कि स्वयं अश्वगंधा का उत्पादन करते हैं। जिले में अश्वगंधा की लगभग 45 एकड़ में



खेती की जा रही है। जिले की भूमि तथा हवा में अश्वगंधा के उपयुक्त होने के कारण ज्यादा से ज्यादा किसानों को अश्वगंधा लगाने के लिये प्रेरित कर किसानों की आय में वृद्धि करने के लिये प्रशिक्षकों को जानकारी दी गई। सभी विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. हरिश सतनामी, डॉ. सजल नेमा, डॉ. येमदे, डॉ. अर्चना देशमुख, डॉ. पालीवाल, डॉ. भारत नौरेती, डॉ. धर्मेन्द्र मरावी द्वारा विकासखण्ड स्तर पर कृषक, संग्राहक, स्व-सहायता समूह के सदस्य तथा वन समिति के सदस्य प्रतिभागी को प्रशिक्षित करेंगें।

# जल के संरक्षण के लिए जल आंदोलन की शुरुआत करें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिना पानी के न जीवन चल सकता है ओर न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जिया जा सकता हैं। जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वावधान मे शासकीय महाविद्यालय मे किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता, श्यामलराव ने उपस्थित जनो को बताया की प्रथ्वी के जल का 97.5 प्रतिशत भाग समुद्र मे खारे जल के रुप मे है ओर केवल 2.5 प्रतिशत जल ही मीठा पानी है, प्रथ्वी पर जल 2.5 प्रतिशत भाग ही पीने योग्य है इसमे से 89 प्रतिशत पानी कृषी कार्यो मे एवं 6 प्रतिशत पानी उधोगों मे खर्च हो जाता है शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेय जल के लिए उपलब्ध है, सन्



2030 तक देश मे पानी की मांग मौजूदा आपूर्ति से दो गुना हो सकती है इसलिए हम जल के संरक्षण के लिए जल आंदोलन की शुरुआत करे, ओर हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण करने पहल करे। वही घरेलू बोर, हैंडपंप एव कुए के पानी का किस तरह से संरक्षण कर सकते हे जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता है।

# गुढ़ी अम्बाड़ा में मनाई गई शबे क्रद, रात भर चला इबादत का दौर



**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** गुढ़ी अम्बाड़ा में मनाई गई शबे कद्र इस शबे कद्र की रात के मौके पर बाद नमाजे ईशा तबर्रुक बांटा गया एवं मुस्लिम समुदाय के द्वारा रात भर जाग कर इबादत की गई। इस दौरान रात में ही मुस्लिम कब्रिस्तान में पहुंचकर मस्जिद के पेश इमाम अंजुमन कमेटी के ओहदेदारों के अलावा समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर सभी ने मरहूमो के हक में दुआ, मगफिरत की। शबे कद्र की रात के मौके पर मदीना मस्जिद सियाल में तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज फैजान सिद्दीकी व पेश इमाम जुनैद खान रजवी की गुलपोशी की गई और सियाल अंजुमन कमेटी के द्वारा इस्तकबाल किया गया। और नात ख्वा हजरात का भी इस्तकबाल किया गया इसके अलावा आलिम साहब सिराज अहमद बरकाती के द्वारा सबे कद्र की फजीलत बयान की गई।

गौरतलब है कि रमजान उल मुबारक के इस मुकद्दस महीने में इन दिनों मस्जिदों में इबादत का दौर जारी है इस माहे मुबारक रमजान का यह आखिरी असरा है पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा मगफिरत का, तीसरा अशरा जहन्नम की आग से आजादी का होता है। रमजान सब्र का महीना है और सब्र का बदला जन्नत है पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया तुम्हारे ऊपर एक महीना आ रहा है जो बहुत ही मुबारक महीना है

# पांढुर्णा में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी, आत्मा भवन और जिला अस्पताल के निर्माण में देरी

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा को जिला बने डेढ़ साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कई महत्वपूर्ण कार्यालय स्थापित नहीं हो पाए हैं। एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) का भवन भी इसी लापरवाही का शिकार हो गया है। आत्मा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्यरत एक महत्वपूर्ण संस्था है।

इस भवन के निर्माण के लिए सरकार ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, निविदा जारी हुई, ठेकेदार तय हुआ और उसने 15 लाख रुपये की अग्रिम राशि भी जमा कर दी। लेकिन जिला प्रशासन अब तक भवन निर्माण के लिए जमीन तय नहीं कर पाया, जिससे यह महत्वपूर्ण परियोजना अटकी हुई है।

पांढुर्णा के साथ ही मैहर और मऊगंज को भी नया जिला घोषित किया गया था। इन दोनों जिलों में आत्मा भवन निर्माण के लिए सरकारी जमीन आवंटित कर दी गई और वहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लेकिन पांढुर्णा में प्रशासनिक उदासीनता के कारण अब तक यह कार्य शुरू नहीं हो सका है।

कृषि पर निर्भर पांढुर्णा जिले के किसानों को आत्मा भवन न होने के कारण योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी सही समय पर नहीं मिल पा रही। अगर यह भवन जल्द तैयार होता तो किसानों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण और लाभ मिल सकता था।

## 200 बिस्तर वाले जिला अस्पताल का भी मामला अटका

पांढुर्णा जिले के लिए 26 जुलाई 2024 को 200 बिस्तर वाले जिला अस्पताल की स्वीकृति मिली थी, और सरकार ने इसके निर्माण के लिए 33 करोड़ की राशि जारी कर दी थी। लेकिन अस्पताल निर्माण के लिए जरूरी भूमि आवंटन का निर्णय अब तक नहीं लिया गयाए जिससे यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना भी ठप पड़ी हुई है।

## प्रशासन की सुस्ती से जनता को नुकसान

आत्मा भवन और जिला अस्पताल, दोनों के लिए फंड स्वीकृत हैं, लेकिन भूमि आवंटन नहीं हुआ।

स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी ये दोनों परियोजनाएं जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

अगर प्रशासन शीघ्र निर्णय नहीं लेता, तो सरकारी फंड अटक सकता है और जनता को जरूरी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ेगा।

अधिकारियों और कर्मचारियों की टालमटोल की नीति से विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है।

## जनता को कब मिलेगा लाभ

अगर जिला प्रशासन जल्द भूमि आवंटन नहीं करता, तो निर्माण कार्यों में और अधिक देरी होगी, जिससे आम नागरिकों और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द उचित निर्णय लेकर आत्मा भवन और जिला अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया को गति दे, ताकि जिले की जनता को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# महिलाओं के लिए बेहतर और सुरक्षित समाज बनाएंगे : उईके

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमारे बीच एक उत्सव नहीं बल्कि एक संकल्प का प्रतीक है एक ऐसा संकल्प जो समाज में महिलाओं की गरिमा, सम्मान और समानता को स्थापित करने के लिए हमें प्रेरित करता है।

इस महिला दिवस पर हम संकल्प लें कि हम न केवल अपनी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की महिलाओं के लिए एक बेहतर, समान और सुरक्षित समाज बनायेगें। पूर्व राज्यपाल उइके पूजा लॉन छिंदवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वाभिमान जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस एवं आठवीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल की कमांडेंट निवेदिता गुप्ता ने की। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कोविड-19 महामारी के दौरान विभिन्न स्थानों पर बृहद रक्तदान शिविर आयोजित कर 120000 यूनिट रक्तदान करवाने और इस उपलब्धि पर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड एव लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने पर अलका शुक्ला को यह प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा अन्य महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वाभिमान जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस महिला सम्मान समारोह में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं समिति को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने मुझे इस मंच पर आप सभी के बीच अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं आज यहाँ एक पूर्व राज्यपाल के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसी महिला के रूप में खड़ी हूँ, जिसने अपने जीवन में संघर्षों को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अवसर में बदला। मेरा जीवन एक साधारण आदिवासी परिवार से शुरू हुआ, जहाँ संसाधनों की कमी थी, लेकिन सपनों की कोई सीमा नहीं थी।

मैंने देखा कि मेहनत, लगन और समाज के प्रति समर्पण किसी भी बाधा को पार कर सकता है। आज जब मैं यहाँ खड़ी हूँ, तो यह मेरे लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं की जीत का प्रतीक है जो अपने हौसले से नई राहें बनाती हैं। आज का यह समारोह उन असाधारण महिलाओं को सम्मानित करने का अवसर है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।



मैं यहाँ उपस्थित सभी वरिष्ठ समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रही हूँ। आप सभी प्रेरणा का स्रोत हैं, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या सामाजिक उत्थान का क्षेत्र हो, आपने साबित किया है कि महिलाएँ न केवल परिवार की नींव हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की धुरी भी हैं।

मैं सम्मानित आईपीएस अधिकारी श्रीमती निवेदिता गुप्ता का विशेष रूप से अभिनंदन करना चाहूंगी, जो एक सम्मानित आईपीएस अधिकारी हैं। उनका जीवन और उनकी उपलब्धियाँ हम सभी के लिए एक मिसाल हैं। उन्होंने यह दिखाया है कि साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल सकती हैं। उनकी उपस्थिति इस मंच को और अधिक गरिमामय बनाती है।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जब मैंने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन की शुरुआत की, तो मेरा एक ही लक्ष्य था हमारे समाज के सबसे वंचित वर्गों, खासकर महिलाओं और आदिवासी समुदायों को मुख्यधारा में लाना। आज भी मेरा मानना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता ही वह आधार हैं, जो महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बेटी को पढ़ने का अवसर मिले, हर माँ को अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की ताकत मिले और हर महिला को अपनी पहचान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी जिम्मेदारी केवल उत्सव मनाने तक सीमित नहीं है।

यह एक आह्वान है एक ऐसा आह्वान कि हम उन बेड़ियों को तोड़ें जो आज भी महिलाओं को पीछे रखती हैं। हिंसा, असमानता और अवसरों की कमी जैसी चुनौतियों से हमें मिलकर लड़ना होगा। यह तभी संभव है जब हम सब पुरुष और महिलाकृएक साथ मिलकर कदम उठाएँ।

उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति को पहचानें, क्योंकि उनमें वह ताकत है जो पहाड़ों को हिला सकती है और समाज को बदल सकती है, उन्होंने कहा कि आज यहां जो सम्मान दे रहे हैं वह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक वादा है एक ऐसा वादा जिससे हम हर महिला के सपनों को साकार करने में उसका साथ देंगे।

कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्ष गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर स्वाभिमान जन कल्याण समिति की अनीता तिवारी, नीरज वाजपेयी, साध्वी नीलू, मंडल अध्यक्ष नीलू, डॉक्टर मीरा पराड़कर, अर्चना मोहरे और अलका शुक्ला व अन्य विशिष्ट महिलायें आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में उपस्थित।